**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *170**

**दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ**

.....

**उजनी-सोलापुर जल पाइपलाइन परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब**

***170. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सार्वजनिक रूप से अनेकों बार दिए गए आश्वासनों के बावजूद उजनी-सोलापुर जल पाइपलाइन परियोजना में लगातार विलंब हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस कार्य को पूरा करने की वर्तमान स्थिति क्या है और इस संबंध में कितनी धनराशि जारी की गई है और पूर्व की समय-सीमा के अनुसार कार्य नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस संबंध में लागत में वृद्धि होने की सूचना मिली है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी मात्रा कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा इस परियोजना को समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करने और सोलापुर शहर और आस-पास के क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति मंत्री**

**(श्री सी आर पाटील)**

**(क) से (घ):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"उजनी-सोलापुर जल पाइपलाइन परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब" के संबंध में दिनांक 11.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं .*170 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क) और (ख):** जल संसाधन से संबंधित परियोजनाओं की योजना, वित्तपोषण, कार्य-निष्पादन और रखरखाव राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार स्वयं किया जाता है। भारत सरकार की भूमिका, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित मौजूदा योजनाओं के अंतर्गत तकनीकी सहायता और कुछ मामलों में आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

सोलापुर नगर निगम द्वारा सूचित किया गया है कि उजनी-सोलापुर जल पाइपलाइन परियोजना में नियमित रूप से कोई विलंब नहीं हुआ है। परियोजना के कार्यान्वयन हेतु कार्य आदेश दिनांक 01.06.2023 को जारी किया गया था और इसे दिनांक 01.12.2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। भूमि अधिग्रहण आवश्यकताओं और पाइपलाइन के संरेखण में 74 प्रमुख क्रॉसिंग के कार्यान्वयन को ध्यान में रखते हुए, छह माह का समय दिया गया था। यह परियोजना दिनांक 31.05.2025 को सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। परियोजना द्वारा कमीशनिंग और परीक्षण के साथ पूर्ण वास्तविक प्रगति प्राप्त कर ली है।

इस परियोजना के वित्तपोषण में स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत 250 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) से 250 करोड़ रुपए और महाराष्ट्र सरकार से 382.68 करोड़ रुपए सहित विभिन्न संस्थाओं का योगदान शामिल है। इस परियोजना की कुल लागत 882.68 करोड़ रुपए है।

**(ग) और (घ):** सोलापुर नगर निगम द्वारा लागत में किसी वृद्धि की सूचना नहीं दी गई है।

इस परियोजना को सोलापुर और निकटवर्ती क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए पूरा किया गया है। कार्य-निष्पादन के दौरान, उजनी-सोलापुर में मौजूदा 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता वाली जल आपूर्ति प्रणाली चलती रही। इस नई 170 एमएलडी प्रणाली के शुरू होने से, सोलापुर में अब जल की उपलब्धता बढ़ गई है, जिससे बेहतर और सुरक्षित शहरी जल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

*****